# मेरे बच्चे को सिखाए

---

**Que.1. संकेतों के आधार पर “सफल जीवन” विषय पर लघु लेख तैयार करें। (4)** **[Marks :(4)]**

- **सच बोलना**
- **दुख में हँसना**
- **हार का सामना करना**
- **किताबों की सहारा**
- **अपनी पहचान बनाना**
- **स्वार्थ न होना**

**Ans.**

- शीर्षक, भूमिका, विषय विश्लेषण, उपसंहार के साथ सफल जीवन विषय पर लेख लिखा है।
- आंशिक रूप में संकेतों का इस्तेमाल किया है।
- दो-तीन संकेतों का इस्तेमाल किया है।
- लेख लिखने का प्रयास किया है।

**Que.2. 'मेरे बच्चे को सिखाएँ' पत्र का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।`** **[Marks :(7)]**

**चाहे सभी लोग उसे गलत कहें, परंतु वह अपने विचारों में पक्का विश्वास रखे और उनपर अड़िग रहे। वह भले लोगों के साथ नेक व्यवहार करे और बदमाशों को करारा सबक सिखाएँ। जब लोग भेड़ों की तरह एक ही एक रास्ते पर तल रहे हों तो उसमें भीड़ से अलग होकर अपना रास्ता बनाने की हिम्मत हो।**

**1. 'सबक' के लिए प्रयुक्त समानार्थी शब्द कौन-सा है? (1)**

**(शिक्षा, सत्य, सीख, अच्छाई)**

**2.'भीड़ से अलग होकर अपना रास्ता बनाना'-से आपने क्या समझा? (2)**

**3. सही मिलान करें। (4)**

| | |
|---|---|
| भले लोगों के साथ | करारा सबक सिखाएँ |
| बदमाशों को | ग्रहण करें |
| अच्छाई कोो ही | हँसने की सीख दें |
| दुख में भी | नेक व्यवहार करें |

**Ans.** 1. सीख

2. आशय समझकर अपना विचार तर्कसंगत रूप से लिखा है।

अपना विचार प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

3. भले लोगों के साथ-नेक व्यवहार करें

बदमाशों को-करारा सबक सिखाएँ

अच्छाई को ही-ग्रहण करें

दुख में भी-हँसने की सीख दें

**Que.3. मेरे बच्चे को सिखाएँ' पत्र का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें। [Marks :(6)]**

**पर उसे अवश्य सिखाएँ कि अगर दुनिया में बदमाश लोग होते हैं तो अच्छे नेक इनसान भी होते हैं तो जनता के हित में काम करनेवाले देशप्रेमी भी हैं। उसे यह भी सिखाएँ कि अगर दुश्मन होते हैं तो दोस्त भी होते हैं।**

**1.सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| **दुनिया में बदमाश** | **और जीत हैं** |
| **दुनिया में स्वार्थी राजनीतिज्ञ** | **और दोस्त हैं** |
| **दुनिया में दुश्मन** | **और निस्वार्थ देशप्रेमी हैं** |
| **दुनिया में हार** | **और अच्छे नेक इनसान हैं** |

**2. 'उसे' में प्रयुक्त सर्वनाम और परसर्ग की सही रूप चुनकर लिखें।**

**क) वह+से, ख) वह+को, ग) यह+से, घ) वह+के**

**3. 'नेक इंसान' में निहित विशेषण शब्द कौन-सा है?**

**Ans.** 1. दुनिया में बदमाश - और अच्छे नेक उंसान है।

दुनिया में स्वार्थी राजनीतिज्ञ - और निस्वार्थ देशप्रेमी है।

दुनिया में दुश्मन - और दोस्त हैं।

दुनिया में हार - और जीत है।

2. वह+को

3. नेक